100 Years 1920-2020
University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 27 April 2022

## i-NEXT PAGE 2

# डिप्लोमा में कल से करें ऑनलाइन आवेदन

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम



**LUCKNOW (26 Apr, inext):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में नए सेशन के लिए 44 डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन 28 अप्रैल से शरू होंगे. आवेदन की अंतिम तिथि 28 जून है. मंगलवार को यूनिवर्सिटी ने इसके विस्तृत निर्देश जारी कर दिए हैं. स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन फार्म का शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) के लिए एक हजार रुपये होगा. वहीं, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं दिव्यांगों को 500 रुपये देने होंगे.

### इस बार 11 पाठ्यक्रम हुए कम

शैक्षिक सेशन 2021-22 में डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी को मिलाकर कुल 55 पाठ्यक्रमों में आवेदन का मौका दिया गया था. वहीं, नियमानुसार आवेदन न आने के कारण ऐसे 45 पाठ्यक्रमों का संचालन नहीं किया गया था. इस बार 44 पाठ्यक्रमों में आवेदन का मौका दिया जा रहा है. इनमें 21 पीजी डिप्लोमा, छह डिप्लोमा, पांच एडवांस डिप्लोमा, पांच सर्टिफिकेट और सात प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रम शामिल हैं.

### सीटों से अधिक ही हों आवेदन

एडमिशन कोऑर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के मानकों में कोई बदलाव नहीं हुआ है. वहीं, जिन कोर्स में सीटों से ज्यादा आवेदन आएंगे, उन्हीं में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी, अन्यथा मेरिट आधारित प्रवेश दिए जाएंगे. इसके अलावा, 30 या उससे अधिक सीट वाले डिप्लोमा कोर्स में 20 स्टूडेंट्स के प्रवेश होने पर ही पाठ्यक्रम चलेगा.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# डिप्लोमा : दाखिले के आवेदन कल से

### लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया प्रवेश कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लविवि की केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय के डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार नए सत्र 2022-23 की डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो रही है।

ऑनलाइन आवेदन फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर भरे जा सकेंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपये व अनुसूचित जाति-जनजाति एवं दिव्यांग के लिए 500 रुपये है। आवेदन की अंतिम तिथि 28 जून है। ऑनलाइन आवेदन करने व संबंधित विस्तृत विवरण लविवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर उपलब्ध है। बता दें कि विश्वविद्यालय में पीजी डिप्लोमा 20, एडवांस डिप्लोमा 05, सर्टिफिकेट डिप्लोमा 06, डिप्लोमा 06 और प्रोफिसिएंशी इन सर्टिफिकेट 07 हैं, जिनके लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो रही है।

### नारी शिक्षा निकेतन में आवेदन शुरू

नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में नए सत्र 2022-23 के लिए प्रवेश आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म कॉलेज की वेबसाइट के माध्यम से भरे जा रहे हैं। कॉलेज में यूजी कला में 560, यूजी साइंस 100, यूजी कॉमर्स में 80 व पीजी हिंदी में 60 सीटें हैं। प्रवेश के लिए यूजी-पीजी में आवेदन शुल्क 800 रुपये रखा गया है। कॉलेज में एनएसएस, एनसीसी के साथ-साथ कैरियर गाइडेंस सेल आदि की सुविधा भी उपलब्ध है।

### न्यू पेंशन योजना के तहत होगा भुगतान

**लखनऊ।** लविवि में न्यू पेंशन योजना के तहत कुछ शिक्षक व कर्मचारी सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इसे देखते हुए विवि प्रशासन ने इसके तहत भुगतान की तैयारी शुरू कर दी है। वित्त अधिकारी हिमानी चौधरी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि चूंकि लविवि में पहली बार यह हो रहा है और इनके देय व पेंशन आदि को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश भी नहीं हैं। ऐसे में शिक्षकों-कर्मचारियों को न्यू पेंशन योजना के अंतर्गत भुगतान की कार्रवाई पुरानी पेंशन योजना की भांति सभी अदेयता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के बाद ही की जाएगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

### कला शिल्प कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** लविवि के कला एवं शिल्प महाविद्यालय के मूर्तिकला विभाग द्वारा राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व अध्यक्ष लालजीत अहीर के निर्देशन में दस दिवसीय धातु मूर्ति शिल्प (ब्रांज कास्टिंग) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा ब्रांज की 15 व टेराकोटा की 65 मूर्ति शिल्प ने आकार लिया। लालजीत अहीर ने कहा कि महाविद्यालय का यह प्रयास खास है क्योंकि इसके द्वारा कला गुरुओं को भी याद किया जा रहा है। यह कार्यशाला कलागुरु दिनेश प्रताप सिंह को समर्पित रही। (माई सिटी रिपोर्टर)

### एमएससी के प्रैक्टिकल 30 से

**लखनऊ।** लविवि में एमएससी कंप्यूटर साइंस पहले सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षा 30 अप्रैल व दो मई को होगी। विभागाध्यक्ष के अनुसार इसका विस्तृत कार्यक्रम विभाग के सूचना पट्ट व वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थी इसके अनुसार प्रैक्टिकल में शामिल होना सुनिश्चित करें। (माई सिटी रिपोर्टर)

## JAGRAN CITY PAGE I & III

# डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन कल से 28 जून तक

### लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र के लिए 44 डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन 28 अप्रैल से शरू होंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 28 जून है। मंगलवार को विश्वविद्यालय ने इसके विस्तृत निर्देश जारी कर दिए हैं। नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर जाकर निर्देश पढ़कर आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आनलाइन आवेदन फार्म का शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) के लिए एक हजार रुपये होगा। वहीं, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं दिव्यांग के लिए पांच सौ रुपये होगा।

**11 पाठ्यक्रम हुए कम :** शैक्षिक सत्र 2021-22 में डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी को मिलाकर कुल 55 पाठ्यक्रमों में आवेदन का मौका दिया गया था। वहीं, नियमानुसार आवेदन न आने के कारण ऐसे 45 पाठ्यक्रमों का संचालन नहीं किया गया था। इस बार 44 पाठ्यक्रमों में आवेदन का मौका दिया जा रहा है। इनमें 21 पीजी डिप्लोमा, छह डिप्लोमा, पांच एडवांस डिप्लोमा, पांच सर्टिफिकेट और सात प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रम शामिल हैं।

**सीटों से अधिक आवेदन पर ही होगी प्रवेश परीक्षा :** एडमिशन कोआर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के मानकों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं, जिन कोर्स में सीटों से ज्यादा आवेदन आएंगे, उन्हीं में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। अन्यथा मेरिट आधारित प्रवेश दिए जाएंगे। इसके अलावा 30 या उससे अधिक सीट वाले डिप्लोमा कोर्स में 20 विद्यार्थियों के प्रवेश होने पर ही पाठ्यक्रम चलेगा। वहीं, 30 या उससे कम सीट वाले डिप्लोमा में कम से कम 10 विद्यार्थियों का प्रवेश अनिवार्य होगा।

### शिक्षकों व शोधार्थियों को आज मिलेगा पुरस्कार

लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को अच्छे शोध कार्यो और श्रेष्ठ शोधपत्र वाले शिक्षकों व शोधार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। शैक्षिक सत्र 2020-21 के इन पुरस्कार के लिए 122 शिक्षकों व शोधार्थियों का चयन किया जा चुका है। इनमें प्रोत्साहन अवार्ड के लिए 11, ऐक्जिम अवार्ड के लिए चार और उद्दीपन अवार्ड के लिए 107 नाम शामिल हैं। कार्यक्रम मालवीय सभागार में शाम पांच बजे शुरू होगा। अधिष्ठाता शोध प्रो. राजीव पांडेय ने बताया कि शोध में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों और शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस पुरस्कार के लिए आवेदन लिए गए थे।

### शिक्षकों, कर्मचारियों को देना होगा अदेयता प्रमाणपत्र

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने यहां नवीन पेंशन योजना से लाभांवित एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए निर्देश जारी किए हैं। वित्त अधिकारी हिमानी चौधरी की ओर से वेबसाइट पर जारी पत्र के मुताबिक, अभी तक ऐसे शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए नवीन पेंशन योजना के अंतर्गत उनको देय भुगतान या पेंशन आदि के संबंध में कोई निर्देश उपलब्ध नहीं हैं। (जासं)

## HINDUSTAN PAGE 6

### पीजी व डिप्लोमा के लिए आवेदन कल से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक में नए सत्र के प्रवेश जारी हैं। 28 अप्रैल से केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के सत्र 2022-23 की डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया के लिए आनलाइन आवेदन शुरू हो रहे हैं। 28 जून तक आवेदन किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन फार्म का शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्लूएस के लिए एक हजार एवं अनुसूचित जाति / जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पांच सौ हैं। आवेदक वेबसाइट lkouniv.ac.in देख सकते हैं।

### एमएससी की प्रायोगिक परीक्षा 30 को

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में एमएससी (कम्पयूटर साइंस) प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 अप्रैल एवं दो मई को होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा 30 अप्रैल को कम्प्यूटर साइंस विभाग में सुबह दस से दोपहर एक बजे तक एवं दो गई को सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देख सकते हैं।

### कला से संबंधित विभिन्न आयाम छात्रों को बताए

**लखनऊ।** कला एवं शिल्प महाविद्यालय के चित्रकला विभाग में क्रिएटिव प्रोसेस इंटरएक्टिव सेशन नामक एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में बीबीडी विवि के असिस्टेंट प्रोफेसर अमित कुमार रहे। अमित कुमार ने अपने चित्रों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया और कला से संबंधित विभिन्न आयामों से रूबरू कराया।

## PIONEER PAGE 4

### डिप्लोमा सहित सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन शुरू

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से शैक्षिक सत्र 2022-23 के लिए डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और एडवांस डिप्लोमा सहित सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश को लेकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। सामान्य वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपए और एससी/एसटी तथा दिव्यांग छात्रों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए निर्धारित है। आवेदन की अंतिम तिथि 28 जून है।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लविवि के डिप्लोमा कोर्स में आवेदन 28 से

**अमृत विचार, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र के लिए 44 डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट तथा प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन 28 अप्रैल से शरू होंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 28 जून है। मंगलवार को विश्वविद्यायल ने इसके विस्तृत निर्देश जारी कर दिए हैं।

छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन फार्म का शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) के लिए एक हजार रुपये होगा।

## NBT PAGE 3

### एलयू में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्सों के लिए आवेदन 28 से

**एनबीटी, लखनऊः** एलयू में केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत 28 अप्रैल से डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और प्रोफिशिएंसी पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया शुरु होगी। एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार ऑनलाइन आवेदन के लिए फॉर्म विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर मुहैया हैं। सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और ईडब्ल्यूएस वर्ग के फॉर्म की कीमत एक हजार रुपये तय की गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति और दिव्यांगों के लिए फॉर्म पांच सौ रुपये का है।